25.06.2023

NAVODAYA TIMES

कोई प्यार में तो कोई परिवार की डांट से घर छोड़कर निकला, पुलिस ने मिलवाया

अभी तक पौने 300 लापता बच्चों को उनके परिवार वालों से मिलवाया

नई दिल्ली,24 जून (नवोदय टाइम्स): बाहरी उत्तरी जिला की एएचटीयू पुलिस ने लापता किशोरी समेत 2 को उनके परिवार वालों से सकुशल मिलवाया है। परिवार वालों ने भी दिल्ली पुलिस का शुक्रियादा किया है। बता दें कि एएचटीयू टीम अभी तक करीब पौने 300 लापता बच्चों को उनके परिवार वालों से मिलवा चुकी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नरेला औद्योगिक क्षेत्र बीते 7 जून को एक किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी को तलाशने के लिए उसके परिवार, रिश्तेदार व सहेलियों से जानने की कोशिश की। लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल पाया। मामला एएचटीयू को सौंपा गया। इंस्पेक्टर राकेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल सीमा देवी और हेड कांस्टेबल संदीप को किशोरी को तलाशने का जिम्मा सौंपा गया। जिन्होंने उसके परिवार वालों से पूछताछ की, जिन्होंने बताया कि उनको अभी तक बेटी के बारे में पता नहीं चला है। पुलिस टीम ने पड़ोसियों से पूछताछ की। जिन्होंने बताया कि किशोरी किसी से प्यार करती थी। उसी के साथ परिवार को बिना बताए चली गई है। किशोरी के प्रेमी के बारे में जानने की कोशिश की। प्रेमी के ठिकाने पर छापेमारी की और उसके जानकारों से पूछताछ की। जिसके बाद शाहबाद डेयरी इलाके में छापेमारी कर किशोरी को एक घर से सकुशल बरामद कर लिया। किशोरी ने शादी कर ली थी। किशोरी को संबंधित थाने के जांच अधिकारी को सौंप दिया गया।



एक अन्य मामले में इंस्पेक्टर राकेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल संदीप और महिला हेड कांस्टेबल कमलेश ने बीते 14 जून को समयपुर बादली इलाके से लापता किशोर को राजस्थान अलवर से उसके रिश्तेदार के घर से सकुशल बरामद कर लिया। 17 साल का किशोर को परिवार के सदस्य ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। नाराज होकर परिवार को बिना बताए ही घर से निकल गया था। परिवार ने उसे काफी तलाशने की कोशिश की लेकिन वो नहीं मिला था। पुलिस टीम ने उसके परिवार और दोस्तों व रिश्तेदारों से पूछताछ करने के बाद अलवर से उसको सकुशल बरामद कर उसके परिवार वालों से मिलवाया है।